हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 नवंबर 2025

06 आमला रेलवे के वार्ड नंबर-पांच की सटी हुई रेलवे...



09 सांसद ने कविता के जरिए सावरकर...





## खबर संक्षेप

### 4 निर्माण कार्यों की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदपुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से नर्मदापुरम में 04 निर्माण कार्यो के लिए 08 लाख 25 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम की ग्राम तालनगरी में श्याम किशोर के मकान से नरेश आदिवासी के मकान तक डब्ल्यू.बी.एम. रोड निर्माण के लिए एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम रोहना में बीर बाबा चौक के पास सीमेंटीकरण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को लगेगी

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तृप्ती शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किए जाने के लिए 13 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय में किया जाएगा।

## पचमढ़ी पहुंचकर हेलीपैड से सीधे कार्यक्रम स्थल होटल हाइलैंड्स पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

# दिग्विजय सिंह, अरुण यादव और विवेक तंखा से पहले राहुल गांधी ने मीटिंग की

शनिवार को लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पचमढ़ी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से चर्चा की। वे रविवार को भी पचमढ़ी में होंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं में से दिग्विजय सिंह,अर्जुन सिंह,अरुण यादव,कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल से करीबन एक घंटा वार्तालाप किया इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसियों से मीटिंग के दौरान राहुल गांधी ने संगठन शक्ति को कैसे बढ़ाया जाए, पार्टी मेम्बरशिप और आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की है। पचमढ़ी, मध्य प्रदेश। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी पहुंचे। उनका यह दौरा कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत नियुक्त किए गए जिला अध्यक्षों के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है। भोपाल एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उनका स्वागत किया।



### वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात और संवाद



राहुल गांधी पचमढ़ी में एक स्थानीय होटल में रात्रि विश्राम करेंगे। इस दौरान वह वरिष्ठ पार्टी नेताओं जैसे दिग्विजय सिंह, कमल नाथ, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार से वन-ऑन-वन बैठकें कर सकते हैं और उनसे संगठनात्मक फीडबैक लेंगे।अपने संबोधन के दौरान, राहुल गांधी ने 'ग्लोबल पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया' विषय पर भी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। माना जा रहा है कि उन्होंने हरियाणा चुनाव में कथित 'वोट चोरी' के अपने आरोपों और संविधान की रक्षा जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की।

### प्रशिक्षण शिविर का मुख्य एजेंडा

पचमढ़ी में 2 नवंबर से चल रहे इस प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों के साथ लगभग तीन घंटे बिताए। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से दो विषयों पर जोर दिया। उन्होंने संगठन को ग्रासरूट स्तर पर मजबूत करने, जिला अध्यक्षों की भूमिका को और अधिक शक्तिशाली बनाने और पार्टी की रीति-नीति व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर मार्गदर्शन दिया। यह अभियान जून में भोपाल में राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया था, जिसके तहत 72 नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी का मुख्य ध्यान एसआईआर पर रहा। उन्होंने जिला अध्यक्षों को मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की आशंका को देखते हुए इस काम को प्राथमिकता देने और बूथ स्तर पर सजग रहने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय एवं तहसील का किया निरीक्षण

### राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय राजस्व सिवनी मालवा का निरीक्षण कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया, राजस्व प्रकरणों, नजूल, आरसीएमएस आदि की समीक्षा की।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ से प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ एप के माध्यम से स्वयं मैपिंग के कार्य में प्रोजिनी डाटा को अद्यतन किए जाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए की मैपिंग करते समय यह बात सुनिश्चित की जाए की कोई भी पात्र मतदाता की जानकारी अद्यतन करते समय किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने निर्देश दिए की SIR प्रक्रिया के तहत मतदाता प्रपत्र भरने हेतु मतदाताओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। इस हेतु बीएलओ के अतिरिक्त, सचिव, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, जीआरएस आदि की भी सहायता ली जाए। इस दौरान कलेक्टर ने मतदाता प्रपत्र के वितरण की जानकारी भी ली। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए की के तहत समस्त प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

दौरान उन्होंने सिवनी मालवा नगर एवं ग्राम झाड़ बीड़ा की मतदाता सूची तथा के तहत की गई मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर सिवनी मालवा तहसील में स्वामित्व योजना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

## न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन 14 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तृप्ती शर्मा के मार्गदर्शन में 9 से 14 नवंबर 2025 तक "न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार की अध्यक्षता में ए.डी.आर. भवन के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश एवं सचिव विजय कुमार पाठक ने कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक जागरूकता को बढावा देना, विभिन्न विधिक सेवा योजनाओ का प्रचार-प्रसार करना और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करना है। इस समारोह में 9 नवंबर को मैराथन दौड के माध्यम से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा।

## डोलरिया के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में हुई 19 लोगों की स्क्रीनिंग, सात को मिली दवा व परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 8नवंबर2025 (शनिवार) को सीएचसी डोलरिया में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉनरसिंह गेहलोत के निर्देश पर किया गया। शिविर में कुल 19 व्यक्तियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 7 को सक्रमित पाया गया। इन सात रोगियों को आवश्यक दवा व परामर्श प्रदान किया गया। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाज़िया सिद्दीकी ने उपस्थित लोगों को 'मनहित' एप तथा मनकक्ष के कार्यों के बारे में जानकारी दी और सभी को IEC पेम्प्लेट्स वितरित किए। शिविर में डॉअंकित गौर ने मिर्गी के दौरे, स्मृति हानि, नशा, अवसाद, डिप्रेशन और आत्महत्या के



विचारों जैसे मानसिक समस्याओं के लक्षण व निदान के बारे में बताया। उन्होंने किशोर-किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी और टेली-मानस टोल-फ्री नंबर 14416 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही, परीक्षा-संबंधी तनाव, मोबाइल एडिक्शन और डिप्रेशन जैसे मुद्दों से बचाव हेतु मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी।

## स्वामी शंकर विवेकानंद सन्यास आश्रम ईशरपुर में शुरऊ हुआ परिक्रमावासियों के लिए भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम ईशरपुर में स्थित स्वामी शंकर विवेकानंद संयास आश्रम में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के बाद से नर्मदा परिक्रमा पर आने जाने वाले लोगों के लिए भंडारा आयोजन किया जाता है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के तत्काल बाद से ही आश्रम में नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए भंडारा आयोजन प्रारंभ किया जा चुका है। आश्रम संचालक स्वामी ईशानानंद सरस्वती ने बताया कि भंडारा पिछले सप्ताह से शुरू हो



गया है। यह भंडारा चातुर्मास शुरू होने तक चलता है। भंडारा आयोजन में आश्रम से जुड़े हुए धर्म प्रेमी भक्तों के द्वारा दान स्वरूप धन खाद्यान्न सामग्री प्रदान की जाती है। तथा नर्मदा परिक्रमा पर आने जाने वाले भक्तजन आश्रम में आकर रुकते हैं। जलपान उपरांत भंडारा में प्रसादी प्राप्त कर वे अपनी परिक्रमा पर आगे की ओर बढ़ जाते हैं।

## एक राग में गाया वंदे मातरम, मनाई राष्ट्रीय गीत की वर्षगांठ

### नगर परिषद के सभाकक्षा में विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक रहे मौजूद, राष्ट्रगान का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भारत देश में सात नवंबर 2025 से सात नवंबर 2026 तक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वें वर्ष को समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय निश्चित ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जीत की भूमिका व इसकी स्थाई सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रदर्शित करता है। वंदे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्ष भर विविध गतिविधियां होंगीं। इन्हें चार चरणों में व्यापक रूप से आयोजित किया जाना है। प्रथम चरण सात से 14 नवंबर 2025 तक शुभारंभ का, द्वितीय चरण 19 जनवरी से 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस तक,



तृतीय चरण सात अगस्त से 15 अगस्त 2026 हर घर तिरंगा अभियान में एवं चतुर्थ चरण एक नवंबर से सात नवंबर 2026 तक समापन रूप में होगा। आयोजनों में आम नागरिकों सहित विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों, व्यवसायियों व सामाजिक संगठनों की सहभागिता होगी।

### नप ने किया आयोजन

इसी क्रम में शुक्रवार को सोहागपुर नगर परिषद सभा कक्ष में शासन के निर्देशानुसार प्रातः 9:30 बजे स्कूली विद्यार्थियों, नप के समस्त जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों ने वंदे मातरम् का संपूर्ण गायन किया। जिबके बाद सभी उपस्थित जनों ने सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष लता पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी माधव सिंह, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नप अध्यक्ष के प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद रविशंकर उईके, पार्षद प्रतिनिधि राकेश चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा, संजय परसाई, अमित परसाई, संजय पचौरी, सरला सनकत, रजनी ठाकुर, जेएन चौरसिया, ओमप्रकाश दुबे, भूपेंद्र केवट, नीरज मलैया सहित नपकर्मी उपस्थित रहे।

### विधिक सेवा सप्ताह में प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करें : न्यायाधीश

सिवनी मालवा। आज से शुरू हो रहे विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने का आह्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने किया। वे शनिवार को मध्यस्थता जागरूकता के लिए आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि 9 नवम्बर को विधि दिवस के साथ ही विधिक सेवा सप्ताह की शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर हम सभी को मिलकर पक्षकारों को समझाइश देकर, उनकी आपसी सहमति के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का समाधान कराने का प्रयास करना चाहिए। इससे समाज में आपसी वैमनस्यता कम होगी।

## सिवनी मालवा की बेटियों ने लहराया कराटे में अपना परचम : विधायक प्रेम शंकर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कराटे प्रतियोगिता में सिवनी मालवा की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता हाल ही में ग्वालियर में सम्पन्न हुई। अंडर-19 वर्ग के 52 किलोग्राम भार वर्ग में ऐश्वर्या साध ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं 45 किलोग्राम वर्ग में नंदिनी गौहर ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सिवनी मालवा का गर्व बढ़ाया। इन बालिकाओं की सफलता में कराटे कोच कुलदीप जी का विशेष



योगदान रहा, जिन्होंने कठोर परिश्रम और अनुशासन से खिलाड़ियों को तैयार किया। साथ ही रोशनी राजपूत जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने निरंतर अभ्यास कर यह सफलता अर्जित की। भाजपा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने अपने विधायक कार्यालय बघवाड़ा में दोनों प्रतिभावान बालिकाओं को सम्मानित कर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि "ऐसी उपलब्धियाँ हमारे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। बेटियाँ ही हमारा गौरव हैं विधायक ने दोनों बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सिवनी मालवा की प्रतिभाएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

### संगठन की मजबूती ही लोकतंत्र की असली ताकत : विधायक वर्मा

**सिवनी मालवा।** भारतीय जनता पार्टी भीलटदेव मंडल की बैठक आज गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान और बूथ स्तर पर पार्टी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "संगठन की मजबूती ही लोकतंत्र की असली ताकत है। प्रत्येक कार्यकर्ता यदि निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करे तो संगठन की जड़ें और मजबूत होंगी।" उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर घर-घर संपर्क, सत्यापन और जनजागरूकता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## समेरिटंस स्कूल में युवा संसद का हुआ आयोजन, प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

# दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहे सांसद द्वय व विधायक, पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस, नीतियों पर हुई चर्चा, अतिथियों ने की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस विद्यालय मालाखेड़ी में शनिवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को संसद भवन में तब्दील किया गया। अध्यक्षीय आसन सहित पूरा परिसर ही संसद कक्ष लग रहा था। इस दौरान विद्यार्थियों के एक दल पक्ष था तो दूसरा विपक्ष। दोनों के बीच कई बार तीखी तकरार तो कई अवसरों पर हंसी ठिठोली भी हुई। युवा संसद में शिक्षा, स्वास्थ्य, सोशल मीडिया, पर्यावरण, उद्योग, कृषि नीति सहित पर विस्तार से चर्चा हुई। सत्ता पक्ष ने जहां अपने कार्यों, नीतियों और जनकल्याणकारी कामों को गिनाया तो विपक्ष ने सरकार को हर मुद्दे पर घेरने का प्रयास किया।

### निभाई पूरी परंपराएं

युवा संसद के इस आयोजन में संसद की पूरी



परंपराएं निभाने का प्रयास किया गया। बैठक व्यवस्था से लेकर सांसदों को बैठने की व्यवस्था संसद की भांति की गई थी। कार्रवाई शुरू करने से पहले राष्ट्रीय गीत का गायन हुआ। चर्चा के दौरान संसदीय शब्दावली का ही प्रयोग किया गया।

### भारत माता की पूजन से आरंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती और भारत माता की पूजन से हुआ। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के इस प्रयास को खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन अंशु गौर और मनीषा शर्मा ने किया। स्वागत भाषण प्राचार्य प्रेरणा रावत ने दिया जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने रखी।

### अतिथियों ने कहा

यह सुखद संयोग है कि युवा संसद में विधानसभा, राज्यसभा और लोकसभा तीनों का प्रतिनिधित्व है। बच्चों के प्रयास सराहनीय हैं। यही आगे चलकर देश को संचालित करेंगे। विद्यार्थियों के इस तरह के प्रयास सराहनीय हैं।

**दर्शन सिंह चौधरी,सांसद**

कार्रवाई बहुत गंभीरता से चली। इसके माध्यम से आपने सदन की व्यवस्था को समझा।आगे चलकर आपको भी देश का प्रतिनिधित्व करना है। इसी भावना के साथ आगे बढ़ें। आपका भविष्य उज्ज्वल है।

**माया नारोलिया, राज्यसभा सांसद**

पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही अपनी भूमिका का निर्वाह बहुत अच्छी तरह से किया। अध्यक्ष जी भी बहुत गंभीर दिखाई। आप सभी संकल्प के साथ अपनी भूमिका निभाएं। यही कामना है।

**विजय पाल सिंह, विधायक, सोहागपुर।**

## लिंग आधारित हिंसा पर जिला चिकित्सालय में हुआ कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन अंतर्गत जिलाकार्यक्रम अधिकारी शललित डेहरिया के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेटर नर्मदापुरम के द्वारा नवम्बर माह की थीम लिंग आधारित हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मेंआयोजित किया। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन 181, 1098, 112, घरेलू हिंसा निषेधअधिनियम, वन स्टाप सेंटर से दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय प्रभारी शेर सिंह बडकुर, स्वयंसेवा संस्था के सदस्य, महिलाएं , पुरुष तथा वन स्टाप सेंटर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## खबर संक्षेप



### श्री राम फार्मेसी कॉलेज में 150वां वंदे मातरम दिवस मनाया

**बैतूल।** श्री राम फार्मेसी कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर श्री राम फार्मेसी कॉलेज में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में वंदे मातरम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य श्रीमती रोशनी खातरकर ने कहा कि यह गीत भारत की आजादी एकता और कर्तव्यों का प्रतीक हैं। उन्होने बंकिमचंद्र चटोपाध्याय को नमन कर स्वदेशी का संकल्प लिया।

### नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजन कल

**बैतूल।** ग्राम जामठी स्थित भारत भारती हॉस्पीटल में 10 नवंबर दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। शिविर में हृदय रोग, किडनी, लीवर, हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, हर्निया, हाइड्रोसील, पाइल्स, पथरी, बच्चेदानी से संबंधित ऑपरेशन सहित मधुमेह, ब्लड प्रेशर, थायराइड, एलर्जी, माइग्रेन, सर्दी-जुखाम, अल्सर जैसे रोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों की खून और पेशाब की महत्वपूर्ण जांचें तथा आंखों की जांच, जिसमें कांचबिंदु और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों की जांच शामिल है, पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी। जिन मरीजों को आगे के इलाज के लिए भोपाल ले जाया जाएगा, उन्हें आने-जाने की सुविधा, दो समय का भोजन, दूध और चाय की व्यवस्था निःशुल्क दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मरीजों से अनुरोध है कि वे आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. साथ लेकर आएं। शिविर भारत भारती हॉस्पिटल, भारत भारती परिसर, ग्राम जामठी, जिला बैतूल में किया जाएगा।

### 10 से 13 तक सिकल सेल रोगियों का विशेष फॉलोअप स्वास्थ्य शिविर

**बैतूल।** सिकल सेल रोगियों के लिए स्वास्थ्य विभाग बैतूल द्वारा 10 से 13 नवम्बर तक विशेष फॉलो-अप स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल बैतूल में एक साथ आयोजित किया जाएगा। सिकल सेल कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सीते ने बताया कि सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाड़े के मार्गदर्शन में इस विशेष शिविर में सभी जांच और उपचार सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। मरीजों के लिए सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी और यूरिन रूटीन जैसी आवश्यक जांचें की जाएंगी। हाइड्रॉक्सी यूरिया और फोलिक एसिड जैसी आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### आरओएच डिपो के लिए 56.39 करोड़ स्वीकृत, 200 करोड़ से प्रोजेक्ट होगा पूरा

# आमला रेलवे के वार्ड नंबर-पांच की सटी हुई रेलवे की रिक्त भूमि पर बनेगा डिपो




संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

भारतीय रेल में जब मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले आमला स्टेशन से होते हुए रेलवे की लाइन डाली गई थी, तब ब्रिटिश शासन काल में आमला की जनता को स्टीम लोको शेड का उपहार ब्रिटिश सरकार के द्वारा प्राप्त हुआ था, परंतु जैसे-जैसे रेलवे ने आवश्यकतानुसार अपना कलेवर बदला, वैसे-वैसे आमला का रेलवे में महत्व भी कम होता गया और वर्ष 1991 में स्टीम लोको शेड रेलवे द्वारा पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया, जिसके कारण आमला की जनता को रेलवे से मिलने वाले रोजगार को लेकर बड़ा झटका लगा।

तब से लेकर वर्तमान समय तक स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जिले के राजनेतागण इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। लम्बे इंतजार बाद अब स्थानीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे और जिले के सांसद व केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके के अलावा नागपुर रेल मंडल के सीनियर डिवीजन मैकेनिकल इंजीनियर मोहित मंडलेकर के विशेष प्रयासों से आमला में एक रेलवे मालगाड़ी मेंटेनेंस यूनिट का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसके अंतर्गत मालगाडियों के रेक का परीक्षण व रूटिंन ओवरआईलिंग (आर.ओ.एच.) शेड व सीक वैगनों के रिपेयर शेड हेतु निर्माण यूनिट के प्रथम चरण के निर्माण के लिए 56.39 करोड़ रुपए नागपुर रेल मंडल के यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं और गत 28 अक्टूबर 2025 को नागपुर रेल मंडल के यांत्रिकी विभाग द्वारा इसका पत्र भी जारी कर दिया गया है। इससे अब आगामी 6 माह के अंदर उक्त प्रोजेक्ट निर्माण कार्य प्रारंभ होने की पूरी संभावना है। यह प्रोजेक्ट पूर्ण होते-होते लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत तक पहुंचेगा। इससे रेलवे के लिए अतिरिक्त 200 कर्मचारियों के रोजगार के अवसर भी खुलेंगे, जिससे आमला क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को ऑक्सीजन मिलेगी और आमला रेलवे के बीते हुए सुनहरे अच्छे दिन लौटेंगे। आमला के दृष्टिकोण से यह निर्माण कार्य यहां के लोगों के लिए एक बड़ी सुखद खबर लेकर आने वाला है। बताया गया है कि आरओएच डिपो का काम चार चरणों में पूरा होगा और इसकी कुल लागत लगभग 200 करोड रुपए है। ऐसी संभावना है कि आगामी वर्ष की शुरुआत के साथ ही इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का काम शुरू हो जाएगा। रेलवे की इस बड़ी निर्माण योजना की घोषणा से हम उम्मीद कर सकते हैं कि अब आमला के समृद्ध और वैभवशाली पुराने दिन फिर वापस लौटने वाले हैं।

### आरओएच डिपो बनने से मिलेगी विकास को रफ्तार

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरओएच डिपो एवं यार्ड के बनने से यहां मालगाड़ियों के सभी प्रकार के मेंटेनेंस किये जा सकेंगें। जिस ढंग से बीते एक दशक में रेलवे के विस्तार में तेजी देखी जा रही है, उससे बीना, इटारसी, आमला एवं नागपुर के बीच तीसरी लाइन का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है और चौथी लाइन की भी घोषणा हो चुकी है। इससे यहां मालगाडियों की संख्या भी बढ़ जाएगी। ऐसे में इटारसी-नागपुर के मध्य आमला में रेलवे की लगभग 348 एकड़ खाली पड़ी भूमि के एक हिस्से में आरओएच डिपो बनाया जाएगा। इससे यहां लगभग 200 रेलवे कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ जाएगी। हालांकि दशकों पूर्व भी यहां रेलवे में सैकड़ों कर्मचारी हुआ करते थे। बहरहाल आरओएच डिपो बनने से आमला की अर्थव्यवस्था को एक नई ताकत मिलेगी।

सूत्रों के अनुसार आमला रेलवे स्टेशन से एयरफोर्स स्टेशन हेतु जाने वाली रेलवे लाइन के निकट वार्ड क्रमांक- 5 से सटी हुई रेलवे की रिक्त भूमि पर यह शेड तथा डिपो बनाया जाएगा इसके प्रथम चरण में रेलवे ट्रैक बिछाकर पांच लाइन का यार्ड बनाएगा, फिर आरओएच शेड तथा ऑफिस बिल्डिंग का भी निर्माण कार्य होगा। दरअसल इस इलाके में रेलवे के पास उपक्रम खोलने के लिए समुचित जमीन उपलब्ध है, जिससे यहां भविष्य में भी रेलवे के अन्य कार्यों के विस्तार को आसानी से किया जा सकता है। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन की परिकल्पना के अनुसार आमला रेलवे स्टेशन परिसर में विस्तारीकरण एवं निर्माण के अन्य कार्य भी तेजी से चल रहे है।

#### इनका कहना है

अभी इस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य हेतु प्रथम चरण के लिए मैकेनिकल डिपार्टमेंट द्वारा गत 28 अक्टूबर 2025 को पत्र जारी करके 56.39 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा आगामी प्रक्रिया के लिए यह प्रोजेक्ट प्रगति पर है।

**मोहित मंडलेकर**, सीनियर डिविजनल इंजीनियर, नागपुर रेल मंडल

आमला में रेलवे की रिक्त पड़ी हुई जमीन की उपलब्धता को देखते हुए इस प्रोजेक्ट को लेकर रेल मंडल नागपुर के डीआरएम, डीएमई सहित अन्य अधिकारियों से चर्चा हुई है। इसके अलावा आमला में वाटिंग यूनिट (रेलवे कोच में पानी भरने हेतु यूनिट) तथा बोरदेही में रेलवे रैक स्थापित करने के लिए मैं और क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री डीडी उईके के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और रेलवे आमला के सुनहरे दिन वापस आने से विकास को रफ्तार भी मिलेगी।

**डॉ. योगेश पंडाग्रे,** विधायक आमला

### चरित्र संदेह में की थी वारदात

# पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या के दोषी को उम्रकैद का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



क्षेत्र में पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या के एक जघन्य मामले में न्यायालय ने आरोपी हेमराज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मुलताई द्वारा 7 नवंबर 2025 को सुनाए गए इस फैसले में आरोपी पर 5,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। आरोपी ने चरित्र संदेह में अपनी पत्नी की हत्या की थी। घटना 28 जनवरी 2023 को थाना मुलताई के अंतर्गत ग्राम बड़ौदा में हुई थी। आरोपी हेमराज ने अपने ही घर में अपनी पत्नी नानीबाई की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। मृतका के भाई की रिपोर्ट पर मुलताई थाने में अपराध दर्ज किया गया था। उप निरीक्षक उत्तम मस्तकार ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, तो आरोपी हेमराज घर का दरवाजा बंद कर अंदर बैठा था। पुलिस ने दरवाजा तोडक़र उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना कबूल किया, और उसका डीएनए भी पॉजिटिव पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी हेमराज पहले भी अपने पिता की हत्या कर चुका था, हालांकि उस मामले में वह बरी हो गया था। आरोपी घटना के समय से ही जेल में है। यह प्रकरण माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायालय मुलताई में (सत्र प्रकरण क्रमांक 10/2023) विचाराधीन था। यह मामला शासन द्वारा चिह्नित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों में शामिल था, जिसकी निगरानी एसपी वीरेंद्र जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही थी। अभियोजन की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक मालिनी देशराज द्वारा की गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को उम्रकैद

**बैतूल।** बैतूल की स्पेशल पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी रमेश गुलहाने को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह मामला दो साल पहले जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था। कोर्ट ने आरोपी को उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास और दस हजार रुपए जुर्माने का आदेश दिया है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में दर्ज शिकायत में 12 वर्ष से कम आयु की एक बालिका ने बताया था कि रमेश गुल्हाने उसे कई बार अपने घर बुलाकर दुष्कर्म करता था। आरोपी बालिका को पैसे देकर चुप रहने की धमकी भी देता था। बालिका के परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रमेश गुल्हाने के खिलाफ मामला दर्ज किया। घटना की पुष्टि डीएनए रिपोर्ट से भी हुई थी। आरोपी ने बाद में कोतवाली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजी कार्रवाई के बाद उसे विशेष पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। अदालत में उसकी ओर से जमानत आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। विशेष पॉक्सो न्यायालय बैतूल ने सुनवाई के बाद 74 वर्षीय आरोपी रमेश गुल्हाने पिता नामदेव गुल्हाने को दोषी ठहराया। न्यायालय ने सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक वंदना शिवहरे ने पैरवी की। इस दुष्कर्म की घटना के बाद हुए बलवे के मामले में पुलिस ने 10 युवकों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों पर बलवा, आगजनी और शासकीय कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने बताया कि इस मामले को सरकार द्वारा जघन्य और सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया था। अदालत ने अभियोजन के तर्कों और सबूतों को युक्तिसंगत मानते हुए आरोपी को दोषी पाया और यह सख्त सजा सुनाई।

### आमला में किसान कांग्रेस ने सीएम का पुतला जलाया

# राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**आमला।** आमला में शनिवार को मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस ब्लॉक आमला के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जनपद चौक पर किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। बाद में राज्यपाल के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

प्रदर्शन में किसान कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और सेवा दल सहित विभिन्न कांग्रेस विंग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे मनोज मालवी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज देशमुख और नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे जैसे प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत उघड़े और जिला अध्यक्ष जगदीश कोचरे के नेतृत्व में तहसीलदार रिचा कौरव को राज्यपाल के नाम दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में पीला मोजेक से खराब हुई सोयाबीन फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा और बीमा लाभ देने की मांग की गई। इसके साथ ही मक्का की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने, अतिवृष्टि से प्रभावित मक्का का मुआवजा देने और रबी फसलों की सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल थी।

अन्य मांगों में उद्यानिकी फसलों जैसे आलू, मटर, भिंडी और गोभी को बीमा योजना में शामिल करने की बात कही गई। किसानों ने विपणन समिति आमला से यूरिया खाद की नियमित आपूर्ति शुरू करने और उप मंडी आमला में शीघ्र सब्जी मंडी प्रारंभ करने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, गन्ना खरीदी का मूल्य 400 प्रति क्विंटल करने, मां की बगिया योजना के तहत मजदूरी भुगतान तत्काल किसानों के खातों में डालने, बिजली कर्मचारी दिलीप झरबड़े और सुनील शर्मा के स्थानांतरण को रद्द करने तथा किसानों के खेतों तक पहुंचने वाले मार्गों के निर्माण की स्वीकृति देने की भी अपील की गई।

### एसटीडी चौक से साईं मंदिर रोड विवेकानंद वार्ड के सड़क निर्माण करने की मांग



**बैतूल।** ग्रीन सिटी विवेकानंद वार्ड में चल रही वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में जैसे ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक पहुंचे, वार्ड की महिलाओं ने मौके का फायदा उठाते हुए उन्हें अपने इलाके की वर्षों पुरानी समस्या से अवगत कराया। महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए एसटीडी चौक से साईं मंदिर रोड विवेकानंद वार्ड की सडक़ निर्माण की मांग रखी। वार्डवासियों का कहना था कि यह सडक़ पिछले कई सालों से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बरसात के मौसम में कीचड़, गड्ढे और धूल ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। बावजूद इसके आज तक इस सडक़ का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। सडक़ की हालत इतनी खराब है कि वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी चुनौती बन गया है। वार्ड की महिलाओं अनीता साहू, ज्योति मालवी, मीरा परिहार, हेमलता पवार, ललिता साहू, राधा, रिंकी साहू, कांता गुंता पवार और बबली पवार ने संयुक्त रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बताया कि सडक़ का नाम लेने पर वर्षों से केवल आश्वासन ही मिलता रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ। महिलाओं का कहना था कि बच्चों को स्कूल पहुंचने में दिक्कत होती है, बुजुर्गों को रोजाना गिरने का खतरा बना रहता है और बरसात में घरों तक पानी भर जाता है। प्रदेश अध्यक्ष से वार्डवासियों ने आग्रह किया कि सडक़ निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। लोगों ने कहा कि वॉलीबॉल टूर्नामेंट भले खेल भावना का प्रतीक हो, लेकिन हमारे वार्ड की सडक़ की हालत ऐसी है कि यहां चलना भी खेल से कम नहीं है।

### बैतूल जिले में ठंड की दस्तक, चली सर्द हवा

# पारा 8 डिग्री गिरा, बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग तेज, जले अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में ठंड ने दस्तक दे दी है। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। चार दिनों में बैतूल का न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। 4 नवंबर को न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस था, जो 8 नवंबर को घटकर 13 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस और शनिवार को 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के तापमान में 3.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड के बढ़ते असर के साथ ही लोगों ने गर्म कपड़े निकालना शुरू कर दिया है। बैतूल का अधिकतम तापमान भी 26.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे दिन में भी सर्दी का एहसास होने लगा है। शाम ढलते ही ठंडी हवाओं का प्रभाव और तेज हो जाता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत में बर्फबारी शुरू होने के बाद इसका असर बैतूल सहित पूरे मध्यप्रदेश में महसूस किया जाएगा। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज होने का अनुमान है।



#### जैकेट, शॉल-टोपी की बिक्री में तेजी आई

सर्दी बढ़ने के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है। मुख्य बाजार, गंज क्षेत्र और कोठी बाजार में व्यापारी अपनी दुकानों को आकर्षक रूप से सजा रहे हैं। ऊनी स्वेटर, जैकेट, शॉल और टोपी की बिक्री में तेजी आई है। दुकानदारों के अनुसार, इस साल नए डिजाइन और फैशन वाले गर्म कपड़ों की मांग अधिक है। महिलाएं शॉल, स्टॉल और स्वेटर की ओर आकर्षित हो रही हैं, जबकि युवाओं में ट्रेंडी जैकेट और हुडी का क्रेज देखा जा रहा है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाले ऊनी कपड़ों की विभिन्न वैरायटी भी उपलब्ध कराई गई है।

# रात में पीछाकर पकड़ी गई रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक अंधेरे में फरार

### महाराष्ट्र बॉर्डर के पास रेत माफिया पर वन अमले की बड़ी कार्रवाई

**बैतूल।** वन क्षेत्र से रेत के अवैध परिवहन पर वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। दिनांक 6 नवंबर को वनमंडल दक्षिण बैतूल अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन की सूचना पर वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल एल.के. वासनिक और उप वन मंडलाधिकारी मुलताई संजय साल्वे के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर द्वारा गश्ती दल गठित किया गया।

गश्ती दल जब बीट झुनकारी के कक्ष क्रमांक 592 के मुरूम नाले के पास रात करीब 8.15 बजे पहुंचा, तब नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत भरी जा रही थी। स्टाफ को देखकर वाहन चालक संदीप कुमार निवासी हिवरखेड ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। वन अमले ने शासकीय वाहन से पीछा किया और हिवरखेड के उत्क्रान्ति चौक पर ट्रैक्टर ट्रॉली को छोडक़र भागे चालक को पकडऩे की कोशिश की, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। भीड़ अधिक होने से वन विभाग ने पुलिस बल की सहायता से ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस स्टेशन मोर्शी में खड़ा करवाया। रात अधिक होने और उत्खनन स्थल महाराष्ट्र सीमा पर होने के कारण 7 नवंबर को महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश वन विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण किया, जहां यह बीट झुनकारी के कक्ष क्रमांक 592 के मुरूम नाले के पास मध्यप्रदेश सीमा के भीतर पाया गया। तत्पश्चात पुलिस थाना मोर्शी से ट्रैक्टर ट्रॉली को वन परिक्षेत्र कार्यालय आठनेर मोर्शी लाया गया तथा रेत सहित वाहन को जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त वनोपज का मूल्य 5535 रुपए आंका गया।प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 2, 26(1)(छ), 41 एवं 52 के तहत कार्रवाई की गई। संपूर्ण कार्रवाई में वनपाल संतोष कुमरे, वनरक्षक अजित कौरव, देवकरण भारती, रामसिंह चौहान, राजेश बैगा, भुमित मालवीय, गणेश बारपेटे, विजय पिपरदे तथा वाहन चालक मुजम्मिल अहमद का विशेष योगदान रहा।



### संगठन विस्तार व मतदाता एसआईआर अभियान को मिली नई गति

# भौंरा भाजपा मंडल बैठक में गूंजा वंदे मातरम गान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



भारतीय जनता पार्टी के भौंरा-बीजादेही मंडल की बैठक विजय मंगल भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र पर तिलक व पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव एवं सुनील धुर्वे ने पधारे अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

बैठक में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम गायन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वंदे मातरम गाते हुए एकता, समर्पण और सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन भी वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। बैठक में भाजपा के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही आगामी मतदाता एसआईआर (सत्यापन, पहचान और रजिस्ट्रेशन) अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अभियान के अंतर्गत बूथ स्तर पर कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे हैं, नए मतदाताओं का नाम जुड़वाया जा रहा है और स्थानांतरित अथवा मृत मतदाताओं के नाम हटाने का कार्य भी किया जा रहा है। मंडल प्रभारी अवेजर हुसैन ने कहा कि मतदाता एसआईआर अभियान भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने का सबसे अहम चरण है। यह केवल मतदाता सूची का अद्यतन नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम भी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। संगठन का लक्ष्य केवल संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि जागरूक नागरिक तैयार करना है जो लोकतंत्र की मजबूती में योगदान दे। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है जो राष्ट्रहित और सेवा के लिए समर्पित है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होना हमारे लिए गौरव का विषय है।

यह हमें देशभक्ति और अनुशासन के मार्ग पर और दृढ़ता से आगे बढऩे की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अशोक सिरोठिया ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। हमें गांव-गांव, वार्ड-वार्ड जाकर जनता से जुडऩा होगा और मतदाता अभियान को सफल बनाना होगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर मवासे, बाबा मकोड़े, सुरेंद्र यादव, असीम सिकदर, चिंटू नायक, मनीष खंडेलवाल,अनुराधा वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोटीया ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुरेंद्र यादव ने किया।

## संक्षेप खबर

### महिला सभा का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

इटारसी। सनाढ्य ब्राह्मण महिला सभा का दीपावली मिलन समारोह सभा का आयोजनअध्यक्ष संगीता शर्मा के न्यास कॉलोनी स्थित आवास पर संपन्न हुआ।बैठक में उपस्थित सदस्याओं ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की बधाईदेकर उनके सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की। संगीता शर्मा ने सनातन धर्म में दीपावली के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।
बैठक में निर्णय हुआ कि समाज के मेधावी बच्चों के सम्मान का कार्यक्रमआगामी दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव नेहा बुधौलिया, उपाध्यक्ष रश्मि मिश्रा, कोषाध्यक आशामिश्रा,सहित अन्य सदस्य उपस्थित रही।

### श्रद्धा बनी वैश्य महासम्मेलन महिला जिलाध्यक्ष



इटारसी। वैश्य महासम्मेलन, मध्य प्रदेश ने नर्मदापुरम जिले की महिला इकाई के जिला अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी श्रद्धा संजय अग्रवाल को सौंपी है। महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में अग्रवाल को उनकी कर्मठता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह दायित्व सौंपा है। श्रद्धा अग्रवाल ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज की महिलाओं को संगठित करना, उनके हितों की रक्षा करना, उनमें सुरक्षा का भाव पैदा करना और संगठन के विस्तार को पंचायत स्तर तक ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि वह समाज सेवा के इस अनूठे प्रयास में पूरे समर्पण से काम करेंगी। नियुक्ति पर वैश्य महासम्मेलन के सभी पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रीमती अग्रवाल को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### वीरेंद्र करेंगे प्रतिनिधित्व

सीहोर। 29वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत खेल एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित भोपाल संभाग स्तरीय युवा उत्सव में सीहोर के वीरेंद्र गुर्जर ने प्रथम स्थान हासिल किया। वीरेंद्र अब राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### डेढ करोड़ की लागत से बने वीरसावरकर स्टेडियम व वीर सावरकर प्रतिमा का अनावरण

# सांसद ने कविता के जरिए सावरकर को दी श्रद्धांजलि विधायक ने कहा, कांग्रेस देश नहीं, जाति देखती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा पुरानी इटारसी में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बने वीर सावरकर स्टेडियम व दशहरा मैदान का लोकार्पण और वीर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण शनिवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, स्थानीय पार्षद जिमी कैथवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, राहुल चौरे, दीपक अठौत्रा,सीएमओ रितु मेहरा, सभापति राकेश जाधव सहित अन्य की मौजूदगी में हुआ।




### 1800 की सिटिंग कैपेसिटी

इस स्टेडियम में 1500 से 1800 दर्शकों की सिटिंग कैपेसिटी है। मैदान 110 मीटर लंबा और 100 मीटर चौडाई का है। 05 गेट स्टेडियम में प्रवेश के लिए रखे गए हैं। 4 हॉल है, जिसमें एक खिलाडियों के लिए मीटिंग हाल बाकी खिलाडियों के लिए सपोर्टस सामग्री रखने के लिए हॉल बने हैं।

### डेढ़ करोड़ रुपये में बना स्टेडियम

नगरपालिका परिषद इटारसी ने पुरानी इटारसी में खेल गतिविधियों को बढावा देने और सांस्कृतिक आयोजन के लिए इस स्टेडियम का निर्माण डेढ करोड रुपये से कराया है। इस स्टेडियम के लोकार्पण से पहले ही यहां राज्य स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था।

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि सावरकर के बारे में पं नेहरु ने भारत एक खोज पुस्तक में लिखा है, वे बडे स्वतंत्रता सैनानी थे और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 28 मई 1970 को वीर सावरकर के नाम पर डाक टिकट जारी की थी। विधायक ने कहा अरे कांग्रेसी मुर्खो तुम राहुल बाबा की बात नहीं मानो, वह तुम्हे समुद्र में डूबा देगा। विधायक ने कहा अभी पचमढी आया, पता नहीं क्या सिखाएगा। यह देश की नहीं सोचते, ये सेना में जाति खोजते हैं। मैं सभी से कहता हूं इन गददारों का साथ मत दो। सावरकर को बदनाम किया तो कोई राष्ट्र के लिए काम नहीं करेगा, वह सोचेगा कि आने वाली पीढी तो गाली देगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि अलोचना की चिंता नहीं, हमारा मंशा सही काम करने की है। उन्होंने कहा कि इल्जाम लगाना आसान होता है। सांसद ने कविता के माध्यम से कहा, पूजे न शहीद गए तो फिर, यह पंथ कौन अपनाएगा। तोपों के मुंह से कौन अकड़अपनी छातियां अड़ाएगा। चूमेगा फन्दे कौन, गोलियां कौन वक्ष पर खाएगा। अपने हाथों अपने मस्तक फिर आगे कौन बढ़ाएगा।पूजे न शहीद गए तो फिर आजादी कौन बचाएगा। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम की 150 वी जयंती पर हमने वीर सावरकर के नाम पर स्टेडियम बनाया और प्रतिमा लगाई इसके लिए नगरपालिका को बधाई।उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बिना उन्हें घेरते हुए कहा कि जिन्होंने संविधान को जेब में रखा और जेबी से निकालकर नाटक नौटंकी कर शपथ ली। उन्होंने संविधान जैसे महा ग्रंथ का अपमान किया। संविधान कोई जेब में रखने की चीज है। उन्होंने कहा कि हमें वीर सावरकर को भी याद करना है और भगत सिंह को भी याद करना है।

नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका परिषद में जब सूखा सरोवर मैदान का नाम वीर सावरकर स्टेडियम करने का प्रस्ताव लेकर आए तो कांग्रेसी विरोध करने लगे। कांग्रेस पार्षदों से ज्यादा अन्य कांग्रेसी विरोध करने लगे। वे कार्यालय के नीचे विरोध कर रहे थे, हमनें पूछा क्यों विरोध कर रहे हो, तो कहने लगे विरोध कर रहे हैं, कारण पूछता को कहने लगे, राहुल जी विरोध करते हैं इसलिए विरोध कर रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि आजकल हमारे शहर में बाबा (राहुल) की पंचायत लगती है, ये माइक लेती है और कही पर भी जाकर बैठ जाती है। वैसे उनके पास कोई जानकारी तो नहीं होती। कागज कोई उपलब्ध करा देता है। कहते हैं हम भांडा फोड करेंगे। पूछो तो कहते हैं हम वार्ड 34 में बन रहे इनडोर स्टेडियम को नहीं बनने देंगे। उन्होंने काम रुकवा भी दिया। इनडोर स्टेडियम वहां बन रहा था जहां कभी दल दल थी, गंदगी थी। ये लोग 8-10 कांग्रेसी सिर्फ विकास विरोधी है, कैसे विकास के काम रोकना है इसके लिए चिंतन मनन करते रहते हैं। सीएमओ बहन रितु मेहरा से कहा कि आप ब्लैकमेलरों से डरे नहीं, कलम आपकी चलेगी। बाकी हम, विधायक जी और सांसद जी देख लेंगे। हम नगरपालिका के ब्लैकमेलरों को खत्म करेंगे, अभी एक दो तो ठीक हो गए है, बाकी भी जल्द ठीक हो जाएंगे। नपाध्यक्ष ने कहा कि आगामी समय में हमारी मातृशक्ति अध्यक्ष बनेगी इसलिए हम ब्लैकमेलर मुक्त नगरपालिका करके जाएंगे।

# नशे में धुत एंबुलेंस ड्राइवर मरीज सहित डंपर में घुसा, पांच घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पॉवरग्रिड के सामने, नीलकमल ढाबे के पास शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुखतवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक गर्भवती महिला को इटारसी अस्पताल रेफर किया जा रहा था, तभी महिला को ले जा रही एंबुलेंस एक खड़े डंपर में जा घुसी। हादसे में सरिता यादव नामक गर्भवती महिला को चोटें आई हैं। महिला अपने मायके मल्लूपुरा में रहती है। एंबुलेंस का ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल ड्राइवर को एंबुलेंस से बाहर निकाला। पुलिस कार्रवाई हादसे की सूचना मिलते ही पथरौटा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल एंबुलेंस चालक को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।घायल से मिलने पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि संभवतः एम्बुलेंस चालक क्रॉस करने के प्रयास में ट्रक को देख नहीं सका है, हालांकि घटना स्थल के पास सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं, तो स्थिति और क्लीयर हो जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की स्थिति ठीक है, लेकिन सिर में चोट होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गर्भवती महिला के अलावा उनके साथ एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं दो अन्य लोग हादसे में घायल हुए थे।

# मित्र कन्या शाला में मनाया गया 150वां स्थापना दिवस

### पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन आयोजित, मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर की शैक्षणिक संस्था मित्र कन्या शाला में 150 वें स्थापना दिवस का शनिवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया रहीं। उनके साथ विशिषमुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया रहीं्ट अतिथि के रूप में विधायक विजयपाल सिंह और नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। आयोजन में शाला गवर्निंग बोर्ड के देवदास श्रीसुंदर, एस जेकब, टाइट्स, डेनिश जोनाथन, पूर्व विद्यार्थी रूप में पूर्व विधायिका सविता दीवान शर्मा एवं भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय मौजूद रहीं। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि विद्यालय का 150 वां स्थापना दिवस वंदे मातरम्-गीत के रचनाकाल के भी 150 वें वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक संयोग का प्रतीक बन गया। राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कन्याओं को निशुल्क शिक्षा देना बड़ी बात है। कार्यक्रम में अतिथियों ने निशुल्क कन्या शिक्षा क्षेत्र में मित्र कन्या शाला के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. संजीव शुक्ला एवं सुनीला मसीह ने किया। इस दौरान आयोजित पूर्व छात्रा सम्मेलन में छात्राओं एवं अध्यनरत विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।




### पूर्व विधार्थी ने साझा किए अनुभव

पूर्व विधायिका सविता दीवान शर्मा ने कहा हम जब इस विद्यालय में पढ़ते थे, तब अनुशासन में रहना पड़ता था। हमें इस शाला का विद्यार्थी कहलाने में गर्व हैं। मेरी दो बड़ी बहन भी इस विद्यालय की छात्रा रही हैं। वहीं भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने कहा हमें अच्छे संस्कार इसी विद्यालय से मिले हैं। इस स्कूल में शिक्षा का स्तर हमेशा गुणवत्ता पूर्ण रहा है। पूर्व छात्राओं ने समारोह के मंच से ऐसी खीर पकाएंगे हम सब मिलकर खाएंगे, कौन खाएगा चम्मच से...गीत को सामूहिक रूप से गाकर अपने बचपन काल की याद को ताजा किया।

# मुस्कान- एक सुरक्षित कल के लिए जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस विभाग के मुस्कान अभियान के तहत जीनियस प्लानेट स्कूल में जागरुकता सेमिनार का आयोजन कर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। जिसमें वीरेंद्र मिश्रा एसडीओपी इटारसी एवं गौरव सिंह बुंदेला टीआई इटारसी ने साइबर सुरक्षा, गुड टच, अनुशासन के बारे में विद्यार्थियों को बताया।

इस अवसर पर एसडीओपी मिश्रा ने फेसबुक, इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी के द्वारा स्कैम किए जा रहे हैं। छात्राएं इस बात का विशेष ध्यान दें और किसी की भी आईडी से न जुड़े। न ही उनकी किसी मांग को पूरा करें। गुड टच तथा बेड टच को जाने, जरा भी गलत महसूस हो तो अपने घर, स्कूल प्राचार्य को इस बारे में जरूर बताये। किसी भी अनजाने कॉल से यदि किसी प्रकार का कोई ओटीपी मांगा जाए तो बिल्कुल न दें। टीआई बुंदेला ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासन में रहे सायबर स्कैम से बचे किसी भी गेम्स में मांगे गए रुपये कभी न दें।

# स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं ने सीखे वित्तीय साक्षरता के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शनिवार को स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत एकदिवसीय स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की ओर से ट्रेनर पूजा ऋषि मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। ऋषि ने विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता, निवेश के सुरक्षित साधन, शेयर बाजार की मूलभूत जानकारी, और धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सही जानकारी और विवेकपूर्ण निवेश से व्यक्ति अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकता है। कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य संकाय के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर करियर मार्गदर्शन प्रभारी रजनीश जाटव, मनोज प्रजापति, वाणिज्य संकाय से डॉ. राकेश कुमार निरापुरे, सुदर्शना राज मैडम, समस्त स्टाफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता का विकास कर उन्हें स्मार्ट निवेशक बनने के लिए प्रेरित करना था। उपस्थित छात्राओं ने सेबी विशेषज्ञ द्वारा दी गई जानकारी को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।




# कांग्रेस ब्लॉक के अध्यक्ष कमलेश साहू बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद पंचायत क्षेत्र में लगातार 20 वर्षों से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुरदास नागवंशी है। नगरपालिका परिषद से लेकर जनपद पंचायत क्षेत्र विधायक भी भाजपा सरकार के है। अखिल भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस से चार पार्षद है। नेता प्रतिपक्ष भी नहीं है। लेकिन अभी तक पिपरिया में युवाओं को आगे बढ़ाने में कांग्रेस कमेटी की गुटबाजी करने वाले लोगों के कारण ही आज भी बटोर रहे हैं। लेकिन अभी वर्तमान में पहली बार कांग्रेस कमेटी ने युवाओं को आगे बढ़ाया है।



जिसमें पिपरिया विकासखंड के अध्यक्ष पद पर कमलेश उर्फ चिंकू साहु को नियुक्त किया गया है। याद रहे यह पहली बार में ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र से ही जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस कमेटी ने तथा एन एस यू आइ अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए हैं। सभी ने पचमढ़ी पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य सभी शामिल नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद शुभकामनाएं बधाई दी और मजबूत करने का संकल्प लिया है।

# एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण मतदाताओं से हुए रूबरू, बीएलओ को नोटिस दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीणा, कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय राय द्वारा किया गया।

एसडीएम राय ने निरीक्षण के दौरान ग्राम शिवपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 21 से 27 तथा ग्राम कुंडकला के मतदान केंद्र क्रमांक 06 का भ्रमण कर मतदान केंद्रों की स्थिति जानी और बीएलओ से कार्य की जानकारी ली। उन्होंने मैपिंग, ई-फॉर्म वितरण, बीएलओ ऐप में एंट्री तथा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थित मतदाताओं से चर्चा कर उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मतदान केंद्र क्रमांक 22 शिवपुर में कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।




# ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में हटाया जाएगा पक्का अतिक्रमण

### राजस्व विभाग ने की कार्रवाई, नपाई कर चूना की लाइन डालकर सीमा तय की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के सांडिया राजस्वमंडल के अंतर्गत ग्रामपंचायत खापरखेड़ा में 12लोगो के द्वारा श्मशान घाट की लगभग डेढ़ एकड़ जमीन पर अतिक्रमण पक्का किया गया है। जिसके हटाने को लेकर अनेकानेक बार प्रयास किया गया था। लेकिन राजनीतिक दबाव में आकर अभी तक किसी भी सरकारी अधिकारी के द्वारा लगातार किसी भी अतिक्रमण पक्का हटाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

लेकिन अभी वर्तमान में कार्यालय हल्का पटवारी 15रा,नि,में, सांडिया तहसील पिपरिया के द्वारा 12 लोगों का अतिक्रमण हटाने के लिए दो पटवारी एकराजस्व नीरीक्षक की टीम का गठन किया गया। टीम ने मोहन सिंह,पोहप सिंह, बाबूलाल, पिता शंकर सिंह पटेल तथा हिम्मत सिंह पिता नन्हे वीर, सुरेश पिता रघुनाथ विश्वकर्मा, गोविंद पिता नन्हे वीर,खुशीलाल, पिता शालक राम, जयराम पिता नन्हे वीर, छोटेलाल पटेल, हरभजन पिता मुल्ली पटेल, हरगोविंद पिता मनोहर, ओमप्रकाश पिता रामप्रसाद पटेल को अपर तहसीलदार न्यायालय से नोटिस जारी किए गए थे।



जिसमें 8 नवंबर तक अतिक्रमण पक्का हटाने को लेकर कहा गया था। लेकिन किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की। तो 8 नवंबर को राजस्व निरीक्षक संतोष ठाकुर, पटवारी विकास खोटे, प्रियंका सराठे सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक कोटवार रमेश एवं एक और के द्वारा मोका पर पहुंच कर चूना लगाया गया नपाई कर सीमा तय की लेकिन अतिक्रमण पक्का हटाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई। लेकिन श्मशान घाट की आरक्षित भूमि पर खेती करने वाले आरोपी को तथा इसी जमीन पर पक्के मकान दुकान बनाने को अतिरिक्त भूमि पर फैंसिंग कर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसमें सभी टीम ने फैंसिंग हटाने को लेकर 3दिन का समय दिया गया है। यदि नहीं हटाए गए तो और भी कार्यवाही की जा सकती है। श्मशान घाट की भूमि पर खेती करने वाले लोगों का कब्जा लगभग 70 वर्ष से बताया गया है।आगे भी इसी भूमि पर पक्के मकान दुकान बने हैं। लेकिन काफी हद तक जगह मकान में अलावा भी कब्जा किया हुआ है। लोग श्मशान घाट भी नहीं छोड़ रहे हैं।अब मुर्दे कहा जाए वह भी अपनी जगह तलाश रहे हैं।

### खेतों में नरवाई जलाने पर लगाया गया प्रतिबंध

# पराली जलाने पर दो किसानों पर हुआ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

दो किसान पर लगाया जुर्माना पराली जलाने पर पिपरिया मध्यप्रदेश सरकार एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया था कि कोई भी किसान अपनी धान की पराली नहीं जलाए डे यदि जलाते हुए पकड़े गए तो एफआईआर दर्ज कराई जावेगी तथा जुर्माना लगाया जाएगा। लेकिन किसानों को बरसात के कारण धान कटाई में काफी हद तक परेशानी का सामना करना पड़ा था।

उसके बाद भी धान कटाई होने के पूर्व जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने आदेश जारी कर दिया गया था।अब खेत में जगह ना होने तथा गेहूं की बोहनी करने के लिए और कोई रास्ता नहीं था।



अभी तक यही होता आया था। लेकिन पहली बार धान की पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसके लिए शासनादेश जारी कर ग्राम पंचायत सचिव रोजगार साहब सभी पटवारीरानिरीक्षक ग्राम कोटवार आदि की ड्यूटी लगाई गईथी। तथा शासन के द्वारा लगातार सेटेलाइट के माध्यम से निगरानी की जा रही थी। लेकिन डियुटिपर लगे किसी भी सरकारी अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं हुई थी।

लेकिन सेटेलाइट के माध्यम से खापरखेड़ा में यशवंत पिता मोहन पटेल को देखा गया था।जमारा ग्राम पंचायत में भी सेटेलाइट के माध्यम से एक किस को परली में आग लगाते हुए पकड़ा जिसकी सूचना पिपरिया प्रसाशनको दी गई थी।तब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने यशवंत पिता मोहन सिंह पर 2500रुपे का तथा जमारा में भी 2500का जुर्माना लगाया गया है। किसी भी तरह की एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

लगातार अपडेट किया जा रहा है। इसी बात को लेकर सिवनी ग्राम पंचायत के सरपंच सत्येन्द्र सिंह राजपूत ने भी पंचायत के लेकर हेड पर पराली जलाने की अनुमति नहीं दी गई थी। तो शिकायत दर्ज कराई गई है। जबकि ग्राम पंचायतको भी पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए गए थे।

## खबर संक्षेप

### मैराथन दौड़ व विधिक प्रदर्शनी आज

**हरदा।** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाना है। जिसमें विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाना है। इसी क्रम में आज 9 नवंबर को प्रातः 7:30 बजे से शासन के अन्य विभागों के समन्वय से विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ एवं विधिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। मैराथन एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा किया जायेगा। यह मैराथन दौड़ जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर, नारायण टॉकीज, पुरोहित मिष्ठान (चाण्डक चौराहा) चौराहा से टांक चौराहा होते हुये, परशुराम चौक, पावनी डेयरी के सामने स्थित सब्जी मण्डी से होते हुए अंबेडकर चौक से वापस जिला न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर आकर समाप्त होगी।

### विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन आज से

**हरदा।** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह की श्रृंखला में 9 से 14 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आदेश जारी किये है। जिला न्यायालय परिसर के ए.डी.आर सेंटर से कानूनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 11 नवम्बर को प्रातः 11:30 बजे से सेंट मेरी को-एड स्कूल तथा दोपहर 1 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में भाषण, वाद-विवाद, निबन्ध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

#### श्रीराम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया, श्रोताओं को भक्ति और हास्य रस से भी ओतप्रोत कर दिया

# बगैर धर्म के किसी भी राष्ट्र का चौमुखी विकास संभव नहीं : मदनमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

श्रीराम कथा के तीसरे दिन वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक मदनमोहन व्यास महाराज ने जहां धर्म की विस्तृत व्याख्या करते हुए राष्ट्रीय विकास में धर्म की महत्वता को रेखांकित किया। वहीं शिव-पार्वती विवाह और सती मोह प्रसंग की कथा से श्रोताओं को भक्ति और हास्य रस से भी ओतप्रोत कर दिया।

स्थानीय कच्छकड़वा पाटीदार भवन में ब्रम्हलीन मस्तरामदास त्यागी महाराज के तपोभूमि आश्रम के जीर्णोद्धार तथा चातुर्मास श्रीसीताराम जाप की पूर्णाहुति पर आयोजित श्रीराम कथा में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हुई। मुंबई से महामंडलेश्वर बाल योगी बालकदास महाराज, चिड़ावा राजस्थान के संत सेवक दास महाराज सहित संतों के सानिध्य में कथा यजमान प्रहलाद शर्मा, कौशल्या शर्मा, पुष्करराव सीमाराव, हरिशंकर राठौर, शोभा राठौर द्वारा श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करते हुए तीसरे दिवस की कथा का प्रारंभ किया गया। कथावाचक महाराज ने कथा वाणी के प्रारंभ में कहा कि मां नर्मदा

### जिस देश में भगवान विश्वनाथ और जगन्नाथ हो वहां कोई अनाथ नहीं हो सकता






के नाभि स्थल की पावन धरा पर हमें यहां शब्द ब्रह्म की साधना का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने संतों की स्थिति का वर्णन एक भजन के रूप में करते हुए कहा कि जो आनंद संत फकीर करे वह सुख कहां अमिरी में। महाराज ने सत्कर्म और कुकर्म को लेकर कहा कि जैसे जल बिन मीन नहीं रह पाती वैसे ही मन बगैर पाप कर्मों के नहीं रह पाता। कथा श्रवण हमें इन्हीं कुमार्गो से सदमार्ग पर लाने का उपकर्म है। कथा शब्द यज्ञ है। जीवन में गलती तो हो जाती है, लेकिन जो गलती को गलती नहीं माने वह गलती है और जो उसे मानकर सुधर जाए, वह गलती नहीं।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों के संग से आध्यात्मिक उन्नति हो, ढोंग की जिंदगी के बजाय ढंग की जिंदगी अच्छी होती है। कथा श्रद्धा से होती है चतुराई से नहीं। विज्ञान हमें गति देता है लेकिन धर्म दिशा देता है। दिशा से दशा ठीक होती है। इस दौरान सास बहू को लेकर हास्य प्रसंग सुनाया। वही प्रभु श्रीराम द्वारा महादेव को पार्वती जी से विवाह करने की कहना जैसे प्रसंग सुनाएं। वही भगवान शिव द्वारा अपने प्रभु श्रीराम के कहने पर विवाह हेतु तैयार होने को लेकर महाराज श्री ने कहा कि मात-पिता गुरु की वाणी बिना विचार मान लेना चाहिए। कथा के अलावा शिविर में प्रतिदिन सुबह आठ बजे से दिल्ली के प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर मैग्नेट थैरेपी डॉ.एस के गर्ग द्वारा निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। वहीं रात्रि को क्षेत्रीय भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया जा रहा है।

#### आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को लेकर जनजातीय गौरव पखवाड़ा

# जनजातीय विरासत व महानायकों के जीवन चरित्र पर नाटक का किया मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग हरदा रवि कुमार कनौजिया ने बताया कि स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजि, आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला संयोजक कनौजिया ने बताया कि इस अवसर पर जिले में 1 से 15 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में संचालित छात्रावास व आश्रमों में जनजातीय विरासत एवं महानायकों भगवान बिरसा मुण्डा, टंट्या मामा, रानी दुर्गावती, शहीद भीमा नायक, माता शबरी के जीवन चरित्र पर नाटक का मंचन किया गया।

### तीन दिवसीय जननायक गौंड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह कल से

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा गौंड जनजातीय समुदाय के चरित्र एवं ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित जननायक गौण्ड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह के आयोजन के लिये मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा गौंड शासकों द्वारा स्थापित 52 गढ़ों में से 30 गढ़ों पर उनके ही चरित्र पर ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित तैयार नृत्य नाटिकाओं के प्रदर्शन कराने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में 10 से 12 नवम्बर तक तीन दिवसीय जननायक गौण्ड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह आयोजित किया गया है। पूर्व में यह कार्यक्रम प्राचीन गौण्ड शासकों के गढ़ों में से हरदा जिले के मकड़ाई किला में का आयोजित किया गया था। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के समारोह के आयोजन के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होने कार्यक्रम के आयोजन के लिये जिला पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

#### नियम बदला गया

# जिला पंचायत की बैठकों में 'पति-प्रवेश' को मिली मंजूरी

**सीहोर।** जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के बदलने के साथ ही सामान्य सभा की बैठकों में शामिल होने के नियमों में भी बड़ा बदलाव आ गया है। जहां तत्कालीन सीईओ डॉ. नेहा जैन ने महिला प्रतिनिधियों को बढ़ावा देने और उनके काम में अनावश्यक हस्तक्षेप रोकने के लिए पतियों के बैठक में शामिल होने पर सख्ती से रोक लगा रखी थी, वहीं अब सीईओ सर्जना यादव की जिम्मेदारी संभालने के बाद यह रोक बेअसर नजर आई। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में यह बदलाव खुलकर सामने आया। न सिर्फ जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सुरेन्द्र मेवाड़ा बैठक में मौजूद रहे, बल्कि दो अन्य महिला सदस्यों के पति भी बैठक में शामिल हुए।

### सख्ती हटी पहल को झटका

पूर्व सीईओ डॉ. नेहा जैन ने अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया था कि महिला जनप्रतिनिधि स्वयं ही बैठकों में शामिल हों और अपने दायित्वों का निर्वहन करें। यह प्रयास ग्रामीण महिला प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। हालांकि उनके तबादले के बाद यह अच्छा नियम शिथिल हो गया। माना जा रहा है कि इस 'पति-प्रवेश' से उन महिला प्रतिनिधियों के सशक्तीकरण की पहल को झटका लगेगा, जो अब तक अपने दम पर काम कर रही थीं।

### बैठक में हुई विभागों की समीक्षा

शुक्रवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों के संचालन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। सीईओ सर्जना यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और विभागीय योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# तापमान 10.5 डिग्री पहुंचा: दिन-रात के पारे में दोगुना से ज्यादा का अंतर, अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज



**सीहोर।** सीहोर जिले में ठंड का असर अब तेज हो गया है। शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

इस तरह दिन और रात के तापमान में लगभग दोगुना से ज्यादा का अंतर (करीब 19.5 डिग्री) देखा जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक ने आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई है।

### पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान

4 सितंबर: 19.5 डिग्री सेल्सियस
5 सितंबर: 17.8 डिग्री सेल्सियस
6 सितंबर: 14.7 डिग्री सेल्सियस
7 सितंबर: 10.5 डिग्री सेल्सियस

### इस साल 21 जून को मानसून ने दी थी दस्तक

इस साल मानसून ने सीहोर जिले में 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश हुई और मानसून ब्रेक की स्थिति भी बनी रही थी।

### मौसम साफ होते ही बढ़ेगी ठिठुरन

शासकीय कृषि महाविद्यालय के मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं। उन्होंने संभावना जताई कि आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। पिछले कुछ दिनों से जिले में कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम था। अब मौसम में बदलाव आया है, जिससे लोगों को ठंड महसूस होने लगी है।

# पुरानी सब्जी मंडी तोड़ी, अब फरवरी तक बनेगी नई, नीचे 11 दुकानें, वाहनों की होगी पार्किंग

**सीहोर।** चार दशक से अधिक पुरानी सब्जी मंडी को तोड़कर नपा यहां नई सब्जी मंडी का निर्माण कर रही है। पहले प्लान बदला और फिर काम की रफ्तार धीमी हो गई। हालांकि, अब यह फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगी। अभी 50 फीसदी काम ही पूरा हो सका है।

इस दौरान अस्थायी रूप से दुकानें पुरानी जेल रोड के किनारे लग रही हैं। यहां सड़क पर वाहन खड़े कर देने से जाम की स्थिति बन रही है। लोगों ने इसकी शिकायत भी की, लेकिन समाधान आज तक नहीं निकला।

शहर की सब्जी मंडी काफी पुरानी हो चुकी थी, इसलिए सब्जी विक्रेताओं को दुकानें लगाने में कठिनाई हो रही थी। बरसात में यहां काफी पानी भर जाता था, जिससे लोग सब्जी नहीं खरीद पाते थे। यहां ओटलों की भी कमी थी। इस कारण कई दुकानें बाहर लगती थीं। इससे



नगर पालिका ने इसी जगह पर नई सब्जी मंडी बनाने का प्लान तैयार किया और काम शुरू हो गया था, लेकिन बाद में प्लान में कुछ संशोधन होने के कारण काम को रोकना पड़ा। इससे देरी हुई सबसे बड़ा फायदा नगर पालिका के राजस्व का होगा। यदि इन दुकानों को सब्जी मंडी की दुकानों के ऊपर बनाया जाता, तो इनकी डिमांड कम होती। जब दुकानों को सब्जी मंडी के आगे बनाया जाएगा, तो इससे इस भवन का लुक भी अच्छा दिखाई देगा। मंडी का काम अधूरा पड़ा है।

अब आगे बनेंगी 11 दुकानें, ऊपर रहेंगे 108 ओटले बेसमेंट में वाहनों की पार्किंग होगी। इसमें बदलाव नहीं किया गया है। इसके ऊपर सब्जी की दुकानों के लिए 108 ओटले तैयार होंगे और आगे 11 दुकानों को आवंटित किया जाएगा। सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि फरवरी तक नई सब्जी मंडी बन जाएगी। इसके बाद इस समस्या का समाधान हो जाएगा। रोज जाम से हो रही परेशानी पुरानी जेल की जमीन पर सब्जी मंडी की दुकानें लग तो रही हैं, लेकिन यहां रोज जाम की स्थिति बन रही है। लोग सब्जी खरीदने के लिए आते हैं और अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। इससे दूसरे वाहन नहीं निकल पाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है।

प्लान से दुकानें लगाई जाएं, तो समस्या का हो सकता है समाधान अभी जहां दुकानें लग रही हैं, वे दोनों मार्गों के किनारे लगाई जाती हैं, जबकि जेल की जमीन का पिछला हिस्सा खाली पड़ा रहता है। यदि नगर पालिका प्लान के तहत दुकानों के लिए जगह दे।

#### युवा उत्सव के दूसरे दिन पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# जिले भर से आए विद्यार्थियों ने मूक अभिनय मूर्तिकला, स्किट विधा में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा उत्सव के तहत दूसरे दिन रचनात्मकता पूर्ण विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने मुख्यतः मूक अभिनय, स्किट, तथा मूर्ति कला विधाओं में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया।

मूक अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने एसिड अटैक तथा महिला शोषण जैसे गंभीर विषय पर अपने प्रभावी अभिनय से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। इसके बाद





आयोजित हास्य नाटिका में साइबर अपराध तथा अंधविश्वास को मूल में रख विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय प्रदर्शन किया। नाटिका के माध्यम से साइबर अपराध के विरुद्ध सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में आयोजित मूर्ति कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रसोईघर में प्रयुक्त होने वाले पात्रों को मिट्टी का आकार देकर अपनी सृजनात्मक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया गया 516 नौनिहालों का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और उनके कल्याण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 'भावान्तर योजना' में सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4,000 रुपए से अधिक तय किया गया है। प्रदेश के अन्नदाताओं को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अतिरिक्त 1300 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। आगामी 13 नवंबर को सोयाबीन उत्पादक किसानों को इसका लाभ वितरित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कल्याणकारी योजनाओं और विकासमूलक कार्यक्रमों को करते हुए राज्य सरकार सशक्त भारत-सशक्त मध्यप्रदेश के पथ पर अग्रसर है।